संख्या-18/2017/1157जेड/6-सा-3-2017-25जी/16

प्रेषक,

राजन शुक्ला,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
लखनऊ।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-3 **लखनऊ: दिनांक: 28 अगस्त, 2017**

विषय: स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिये धन का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त जनपदों के दिवंगत राज्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु श्री राज्यपाल महोदय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु बजट में प्राविधानित धनराशि रू0 10,00,000/- (रू0 दस लाख मात्र) में से आदेश सं0-9/2017/423जेड/6-सा- 3-2017-25जी/16 दि0 25-04-2017 द्वारा प्रथम 05 माह के लिये आवंटित धनराशि रू0 4,00,000/- (रू0 चार लाख मात्र) को घटाते हुये अवशेष 07 माह के लिये धनराशि रू0 6,00,000/- (छः लाख मात्र) की धनराशि वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017 दिनांक-03-08-2017 में निहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी आदेशों के अनुसार किया जायेगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहॉ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3- वित्तीय स्वीकृतियों में आवश्यकतानुसार धनराशि का कोषागार से आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहना है कि उपर्युक्त धनराशि के व्यय की सूचना प्रशासनिक इकाईयों/जनपदों से प्राप्त कर नियमित रूप से महालेखाकार (लेखा) उ0प्र0 इलाहाबाद को प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में भेजा जाय तथा जिसकी एक प्रति शासन को भी प्रत्येक माह की 07 तारीख तक निश्चित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

5- इस सम्बन्ध में होने वाले व्वय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-28 के लेखा शीर्षक "2251-सचिवालय-सामाजिक सेवायें-200-अन्य योजनायें-06-मृतक स्वतंत्रता सेनानियों के दाह संस्कार हेतु उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,
(राजन शुक्ला)
प्रमुख सचिव।

संख्या:18/2017/1157(1)जेड/6-सा-3--2017, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2-महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3-वरिष्ठ आडिट ऑफिसर (आडिट/प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन, 15-थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।

http://shasanadesh.up.nic.in/

4-मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
5-निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6-वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (आय-नियंत्रण) अनुभाग-12 उ0प्र0 शासन।
7-आहरण एवं वितरण अधिकारी।
8-अधीक्षक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेवा सदन, लखनऊ/मथुरा।
9-इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेट सेल, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय, को वेब साइड पर अपलोड करने हेतु।
10-राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1/2/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद अनुभाग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण संस्थान।
11-गार्ड बुक।

भवदीय,
(सूर्य कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/